महिला शक्ति केन्द्र स्कीम
कार्यान्वयन दिशा-निर्देश

राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के लिए

नवम्बर, 2017

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

विषय तालिका

क्रम संख्या		पृष्ठ संख्या
1	महिला शक्ति केन्द्र (एमएसके) स्कीम की प्रस्तावना	3
2	उद्देश्य	3
3	कार्यनीति	3
4	स्कीम के घटक	4
5	कवरेज़	5
6	समग्र मार्ग-दर्शन एवं पर्यवेक्षण	6
7	वित्त पोषण अनुपात	7
8	राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की भूमिका	7
9	फीडबैकव्यवस्था	9
10	प्रदेय एवं परिणाम संकेतक	9
11	महिलाओं के लिए राज्य संसाधन केन्द्र (एसआरसीडब्ल्यू) (विवरण)	10-15
12	महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केन्द्र (डीएलसीडब्ल्यू) (विवरण)	16-20
13	एमएसके - ब्लॉक स्तर (विवरण)	20-25
	अनुलग्नकों की सूची	
अनुलग्नक-I	उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का फार्मेट (यूसी)	23
अनुलग्नक-II	व्यय विवरणी प्रस्तुत करने का फार्मेट (एसओई)	24-26
अनुलग्नक-III	अति पिछड़े 115 जिलों की सूची	27-29
अनुलग्नक-IV	640 जिलों की सूची - जनगणना 2011	30-44

महिला शक्ति केन्द्र स्कीम

1. प्रस्तावना :

वित्त मंत्री के बजट भाषण (2017-18) में "कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक वन स्टॉप अभिसरण समर्थन सेवाएं" प्रदान करने हेतु "महिला शक्ति केंद्र" की स्थापना करने की घोषणा की गई ।

तदनुसार, अम्ब्रैला स्कीम प्रधान मंत्री महिला सशक्तिकरण योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) नामक एक नई उप-योजना को वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक कार्यान्वित करने के लिए मंजूरी दी गई है । यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए सरकार से अपने अधिकार प्राप्त करने और जागरूकता सृजन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक इंटरफेस प्रदान करेगी । छात्र स्वयंसेवक, स्वैच्छिक समुदाय सेवा और लैंगिक समानता की भावना को प्रोत्साहित करेंगे । ये छात्र स्वयंसेवक "परिवर्तन के एजेंट" के रूप में कार्य करेंगे और इससे उनके समुदायों तथा राष्ट्र पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा ।

2. उद्देश्य:

नई योजना एमएसके के लिए परिकल्पना की गई है कि यह विभिन्न स्तरों पर काम करे । राष्ट्रीय स्तरीय (डोमेन आधारित ज्ञान समर्थन) और राज्य स्तरीय (महिलाओं के लिए राज्य संसाधन केंद्र) संरचनाएं जहां संबंधित सरकारों को महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर तकनीकी सहायता प्रदान करेंगी, वहीं जिला और ब्लॉक स्तरीय केंद्र एमएसके को सहायता प्रदान करेंगे और चरणबद्ध तरीके से कवर किए जाने हेतु 640 जिलों में बीबीबीपी सहित महिला सशक्तिकरण स्कीमों को अपना अस्तित्व बनाने के लिए आधार भी प्रदान करेंगे ।

एमएसके ब्लॉक स्तरीय पहल के एक हिस्से के रूप में छात्र स्वयंसेवकों के माध्यम से 115 सबसे पिछड़े जिलों में समुदाय को विनियोजित करने की परिकल्पना की गई है । छात्र स्वयंसेवक विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं / कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों, जिनका निर्दिष्ट ब्लॉक (या समतुल्य प्रशासनिक इकाई, जहां ऐसे ब्लॉक न हों) में महिलाओं के जीवन पर प्रभाव है, के बारे में जागरूकता पैदा करने में सहायक भूमिका निभाएंगे ।

3. कार्यनीति:

महिला सशक्तिकरण बहु-आयामी है और एमएसके के तहत प्रदान की गई सेवाएं जिला / ब्लॉक स्तर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं / कार्यक्रमों के उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाने पर काम करेगी । छात्र स्वयंसेवक ब्लॉक स्तरीय हस्तक्षेप के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण निमित्त सरकारी योजनाओं / कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के बारे में जागरूकता सृजन का काम करेंगे । वे ग्रामीण महिलाओं को अपने पात्र हक प्राप्त करने के लिए सरकार से संपर्क कर सकने हेतु इंटरफ़ेस प्रदान करेंगे । तदनुसार, इस योजना के तहत राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मैकेनिज्म्स प्रदान किए गए हैं । यह योजना राज्य सरकार / संघ शासित प्रदेश के प्रशासन के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी ।

4. एमएसके स्कीम के घटक:

4.1 **राष्ट्रीय स्तर**: राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ अभिसरण के माध्यम से ऐसी स्कीमों के संकल्पनात्मक एवं कार्यक्रमात्मक आधार को मजबूत करने के उद्देश्य से डोमेन आधारित विशेषज्ञ सरकार की महिलाओं से संबंधित सभी केन्द्रीय स्कीमों / कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहायता करेंगे । जेंडर संबंधी मुद्दों पर अभिज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर बल दिया जाएगा।

4.2 **राज्य स्तर**: राज्य स्तर पर, राज्य सरकारों (महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण विभाग) के अन्तर्गत् राज्य महिला संसाधन केन्द्र (एसआरसीडब्ल्यू), राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर समन्व्य के माध्यम से महिलाओं के लिए सभी कार्यक्रमों, कानूनों तथा स्कीमों को कार्यान्वित करने के प्रति तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। राज्य महिला संसाधन केन्द्र (एसआरसीडब्ल्यू) मौजूदा नीतियों, कार्यक्रमों और विधानों की समीक्षा तथा मूल्यांकन करना जारी रखेंगे ताकि तिरछी काट एवं बहु-अनुशासनिक प्रकृति वाली गतिविधियां लाभार्थियों को सुलभ होने के लिए सुव्यवस्थित ढंग से सह-क्रियात्मक हो सकें । प्रत्येक राज्य महिला संसाधन केन्द्र (एसआरसीडब्ल्यू) के लिए पांच स्टॉफ मेम्बर्स का प्रावधान है ।

4.3 **जिला स्तर**: एक नए घटक यथा महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केन्द्र (डीएलडब्ल्यूसी) की परिकल्पना की गई जो 640 जिलों को कवर करने के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सरकारी कार्यक्रमों, स्कीमों और सेवाओं (बीबीबीपी, वन स्टॉप सेन्टर, महिला हैल्पलाइन, महिला पुलिस वालियन्टर्स, स्वाधार, उज्ज्वला आदि सहित) के बारे में सूचना को मिलाएगा और ग्राम/ब्लॉक तथा राज्य स्तर के मध्य एक लिंक के रूप में कार्य करेगा । ये केन्द्र जिला स्तर पर बीबीबीपी स्कीम के लिए आधार भी तैयार करेगी । डीएलडब्ल्यूसी संबंधित जिले में सभी नागरिकों (महिलाओं को वरीयता दी जाएगी) को महिलाओं से संबंधित स्कीमोंके बारे अपेक्षित जानकारी प्रदान करेंगे। डीएलडब्ल्यूसी सरकार की महिला केन्द्रित स्कीमों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकारों और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मध्य एक लिंक के रूप में कार्य करेगा । प्रत्येक डीएलडब्ल्यूसी में तीन व्यक्ति (अनुबंधित स्टाफ) कार्यरत होंगे और वे जिला कलेक्टर / उपायुक्त के मार्ग-दर्शन में काम करेंगे और सीईओ, जिला परिषद, कानून लागू करने वाली एजेंसियों, अर्ध-सरकारी निकायों, अन्य विभागों आदि के साथ अभिसरण में काम करेंगे ।

4.4 **ब्लॉक स्तर**: एमएसके के तहत गतिविधियों को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा तथा ब्लॉक / तालुका स्तरीय केन्द्रों के माध्यम से सुलभ कराया जाएगा जो फोकल-बिन्दु के रूप में कार्य करेगा और एमएसके-ब्लॉक स्तरीय कहलाएगा । ब्लॉक स्तरीय केन्द्र डीसी/डीएम द्वारा यथा-नामित सदस्यों सहित ब्लॉक स्तरीय समिति (बीएलसी) द्वारा चलाए जाएंगे । ब्लॉक स्तरीय पहल ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए छात्र स्वयंसेवकों को शामिल करते हुए उनके जरिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए है और उसमें एनएसएस / एनसीसी के कॉडर छात्रों को भी साथ लिया जा सकता है । ये चयनित ब्लॉक में सभी ग्राम पंचायतों/आंगनवाड़ी केन्द्रों को कवर करेगी । ग्राम पंचायत स्तर पर सेवाएं अग्रणी कार्यकर्त्ताओं जैसे मान्यताप्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (एएसएचए), आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू), ऑक्जीलरी नर्स मिडवाईफ (एएनएम), कॉमन सेवा केन्द्रों(सीएससी), महिला स्व:सहायता समूहों, बैंक संपर्की, शिक्षा मित्र, कृषि मित्र, चयनित महिला प्रतिनिधि (ईडब्ल्यूआर), संरक्षण अधिकारी (वीएडब्ल्यू), महिला पुलिस वॉलियन्टर्स (एमपीवी), न्याय मित्र आदि के साथ अभिसरण के जरिए प्रदान की जाएंगी । प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमएसके स्कीम के भाग के रूप में शुरू किए जाएंगे । प्रशिक्षण एवम् क्षमता निर्माण के लिए कार्यनीति, विविध हितधारकों (चयनित महिला प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं के सामूहिक सदस्यों तथा वैयक्तिको सहित स्टॉफ) की आवश्यकताओं, प्रशिक्षण आवश्यकताओं (संवेदीकरण, जागरूकता सृजन, तकनीकी कौशल, व्यवहार परिवर्तन), रूपात्मकता (प्रत्यक्ष अथवा एजेंसियों के जरिए) में कारक होगी ।

5. **कवरेज**:

राज्य महिला संसाधन केन्द्र (एसआरसीडब्ल्यू) सभी राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के लिए है । महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केन्द्र (डीएलसीडब्ल्यू) 640 जिलों में चरणबद्ध ढंग से स्थापित किए जाएंगे । प्रथम वर्ष (2017-18) में 220 जिलों में डीएलसीडब्ल्यू स्थापित किए जांएगे, दूसरे वर्ष 220 नए जिलों को शामिल किया जाएगा और तीसरे वर्ष (2019-20) में 200 नए जिलों को शामिल किया जाएगा । ब्लॉक स्तरीय पहल 115 अति पिछड़े ब्लॉकों (नीति आयोग द्वारा पहचाने गए अनुसार) को कवर किया जाएगा ।

6. **समग्र मार्ग-दर्शन एवं पर्यवेक्षण**:

6.1 **राष्ट्रीय स्तर**: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में और संबंधित संयुक्त सचिव, वित्त सलाहकार तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों के प्रतिनिधियों को सदस्यों के रूप में शामिल करते हुए एक कार्य बल स्थापित किया जाएगा । यह कार्य -बल देश में

एसआरसीडब्ल्यू, डीएलसीडब्ल्यू तथा एमएसके की मॉनिटरिंग, कार्यचालन में समन्व्य तथा कोर्स सुधार निमित्त एक तंत्र विकसित करेगा । सचिव, महिला एवं बाल विकास मूल उद्देश्य, लक्ष्य और स्कीम की विषय-वस्तु पर बिना कोई प्रभाव डाले तथा बिना अतिरिक्त आर्थिक विविक्षाओं के जरूरतमंद मामलों में परिचालन आवश्यकताओं के लिए एमएसके के दिशा-निर्देशोंमें लघु परिवर्तन कर सकते हैं । एमएसके स्कीम के क्रियान्वयन में सहायता तथा ऑन-लाइन मानिटरिंग की सुविधा के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाएगा ।

6.2 **राज्य स्तर**:

एसआरसीडब्ल्यू, डीएलसीडब्ल्यू तथा एमएसके के कार्यचालन की समीक्षा करने के लिए महिला एवं बाल विकास / समाज कल्याण के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को सदस्यों के रूप में शामिल करते हुए एक कार्य बल स्थापित किया जाएगा । यह कार्य-बल एसआरसीडब्ल्यू, डीएलसीडब्ल्यू तथा एमएसके की मॉनिटरिंग, समन्वय, उनके कार्यचालन की समीक्षा तथा कोर्स सुधार करेगा । राज्य स्तरीय कार्य-बल टीम आवधिक आधार पर उसे भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को रिपोर्ट करेगी ।

6.3.**जिला स्तर**:

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के सभी हितधारकों के प्रतिनिधित्व सहित गठित कार्य-बल, डीएलसीडब्ल्यू तथा ब्लॉक स्तरीय - एमएसके की मॉनिटरिंग, समन्वय, उनके कार्यचालन की समीक्षा तथा कोर्स सुधार के लिए उत्तरदायी होगा । जिला स्तरीय कार्य-बल टीम, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के कार्य-बल टीमों को रिपोर्ट करेगी ।

6.4 **ब्लॉक स्तर**:

ब्लॉक स्तरीय समिति (बीएलसी) चयनित जिलोंमें विभिन्न कालेजों से 25 छात्र स्वयंसेवकों के आठ बैच तक चयन करेगी । एनएसएस / एनसीसी के कॉडर छात्रों को भी शामिल किया जा सकता है । यह समिति छात्र स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित करेगी । समिति के संकाय सदस्य छात्र स्वयंसेवकों की गतिविधियों को मॉनिटर करेगी तथा उनका मार्ग -दर्शन करेगी । समिति के संकाय सदस्यों की इनपुट के आधार पर परिणाम आधारित संकेतक मिलाएं जाएंगे और जिला स्तरीय कार्य बल (डिर्स्टिक्ट लेवल टॉस्क फोर्स) को संप्रेषित किए जाएंगे । ब्लॉक स्तरीय समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि उनके द्वारा कवर किए गए भोगौलिक क्षेत्र में, छात्रों में गतिविधियों और प्रयासों को बार-बार न दोहराया जाए। यह समिति छात्र स्वयं सेवकों द्वारा प्रसार के लिए आईईसी सामग्री भी तैयार करेगी। ब्लॉक स्तरीय समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि तैयार की गई आईईसी सामग्री में जिला /राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय तौर पर कार्यान्वित स्कीमों के बारे में समुचित जानकारी दी गई है। छात्र स्वयं -सेवियों का इस संबध में उचित रुप से उन्मुखीकरण किया जाना चाहिए। यह समिति, उपायुक्त/जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्य बल (डिर्स्टिक्ट लेवल टॉस्क फोर्स) के मार्गदर्शन अधीन कार्य करेगी ।

7. **निधियन अनुपात**:

महिला शक्ति केंद्र का कार्यान्वयन केंद्र और राज्यों के मध्य , पूर्वोत्तर और विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त राज्यों को छोड़ कर जिनके लिए लागत साझेदारी का अनुपात 90:10 है, लागत साझेदारी के आधार पर 60:40 के अनुपात में किया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेशों में यह स्कीम 100 प्रतिशत केंद्रीय निधि से कार्यान्वित की जाएगी। स्कीम के अंतर्गत सभी भुगतान अनिवार्य रुप से डीबीटी पद्धति के तहत पीएफएमएस के माध्यम से किए जाएंगे ।

8. राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों की भूमिका :

8.1 मुख्य सचिव/संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासक/संघ शासित प्रदेशों के प्रशासन, एमएसके स्कीम के मार्गदर्शन और मॉनीटरिंग के लिए स्थापित राज्य कार्य बल की कार्य प्रक्रिया का अवलोकन करेंगे।

8.2. एसआरसीडब्ल्यू, डीएलसीडब्ल्यू और ब्लॉक स्तरीय- महिला शक्ति केंद्रों के क्रिया कलापों की समीक्षा करने के लिए महिला एवं बाल विकास /समाज कल्याण के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में और अन्य विभागों के प्रतिनिधियों के सदस्य के तौर पर एक राज्य कार्य बल की स्थापना की जाएगी ।

8.3 राज्य कार्य बल(स्टेट टास्क फोर्स), स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों (एसआरसीडब्ल्यू, डीएलसीडब्ल्यू और ब्लॉक स्तर पर एमएसके) पर मानव संसाधनों की भर्ती/नियुक्ति करेगा ।

8.4. संबंधित राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के संबंधित महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण विभाग कार्य योजनाओं(एसआरसीडब्यू/डीएलसीडब्ल्यू और ब्लॉक स्तर पर एमएसके) और गतिविधि रिपोर्ट का मिलान(कोलेट), जांच पडताल और तथा उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग को अग्रेषित करने के लिए उनका अनुमोदन करेगा।

8.5 संबंधित राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के बाल विकास विभाग / समाज कल्याण विभाग, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षारित उपयोगिता प्रमाण पत्र /व्यय विवरण (अर्धवार्षिक आधार पर) भेजेंगे ।

जिला स्तर

8.6 जिलों के सभी हितधारकों के प्रतिनिधित्व सहित जिला कलक्टर की अध्यक्षता में स्थापित एक कार्य बल (टास्क फोर्स) डीएलसीडब्ल्यू की कार्य पद्धति के अवलोकन, मॉनीटरिंग, समन्वयन समीक्षा तथा पद्धति में सुधार के लिए उत्तरदायी होगा । जिला स्तरीय कार्य बल (डिस्ट्रिक्ट लेवल टॉस्क फोर्स), राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर के कार्य बल/ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को रिपोर्ट करेगा।

8.7 जिला स्तरीय कार्य बल, डीएलसीडब्ल्यू की उपस्थिति और गतिविधियों तथा महिला एवं बाल विकास/समाज कल्याण विभागों को अग्रेषित की जाने वाली उन मासिक रिपोर्टों को मॉनीटर करेगा जो संबंधित डीएलसीडब्ल्यू द्वारा जिला कार्य बल को प्रस्तुत करनी अपेक्षित होती है ।

8.8 डीसी/डीएम ब्लॉक स्तरीय क्रिया-कलापों की मॉनीटरिंग और मार्ग दर्शन के लिए ब्लॉक स्तरीय समिति के सदस्यों को नामित करेगा । डीसी/डीएम ब्लॉक स्तर पर पहल करने के लिए एक ब्लॉक स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी के तौर पर नियुक्त करेगा । ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी डीसी/डीएम को रिपोर्ट करेंगे।

ब्लॉक स्तर :

8.9 ब्लॉक स्तरीय समिति में जिले के प्रतिनिधि होंगे (जैसा कि जिला उपायुक्त द्वारा नामित किया गया है) जिला/ब्लॉक के महाविद्यालयों से चार फेकल्टि, ब्लॉक से एक सरकारी प्रतिनिधि, सीएसओ/महिला स्व:सहायता समूहों के डीसी द्वारा नामित (वैकल्पिक) दो प्रतिनिधि ।

8.10. ब्लॉक स्तरीय समिति, चुनिंदा ब्लाकों के विभिन्न महाविद्यालयों से वालंटियर छात्रों का चयन करेगी। एनएसएस/एनसीसी कॉडर के छात्रों को भी शामिल किया जा सकता है।

8.11 ब्लॉक स्तरीय समिति, वालंटियर छात्रों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।समिति के फैकल्टी सदस्यवालंटियर छात्रों की निगरानी और मार्गदर्शन भी करेंगे।

8.12 समिति में फैकल्टी के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना /जानकारी के आधार पर परिणामी संकेतकों को एकत्र/व्यवस्थित(कोलेट) किया जाएगा तथा जिला स्तरीय कार्य बल को संप्रेषित किया जाएगा ।

8.13 ब्लॉक स्तरीय समिति, जिला स्तर/डीएलसीडब्ल्यू को अग्रेषित करने के लिए वालंटियर छात्रों से सूचना एकत्र/व्यवस्थित(कोलेट) करेगी ।

9. फीडबैक व्यवस्था

राष्ट्रीय स्तर पर फीडबैक और मॉनीटरिंग के लिए वेबसाईट/आईटी सुविधाएं(टूल्स) उपलब्ध कराए जाएंगे। पूछताछ , फीडबैक, और शिकायत दूर करने के लिए वेब आधारित(ऑन लाइन फीड बैक तंत्र विकसित किया जाएगा। सम्पन्न गतिविधियों/क्रिया-कलापों से संबंधित रिपोर्टों और चित्रों को अपलोड करने के लिए नामित अधिकारियों को आवश्यक अनुमति प्रदान की जाएगी ।

10.डिलिवरेबल्स/परिणामी संकेतक :

- सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में संबंधित राज्य सरकार /यूटी प्रशासन के तहत स्थापित महिला संसाधन केंद्र (एसआरसीडब्ल्यू)।

- 640 जिलों में स्थापित जिला स्तरीय महिला केंद्र (डीएलसीडब्ल्यू)।
- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पिछड़े 115 जिलों (8 ब्लॉक प्रति जिला) में ब्लॉक स्तरीय सेवाओं की प्रदायगी ।

  परिणामी संकेतक:
- एमएसके के बारे में जागरूकता और पहुंच संबंधी गतिविधियों के माध्यम से चुनिंदा ब्लॉकों में शामिल की गई महिलाओं का प्रतिशत ।

- पहुंच प्राप्त महिलाओं में से सेवाओं की मांग करने वाली महिलाओं का प्रतिशत ।

- मांग करने वाली/सेवाओं की जरूरतमंद महिलाओं में से ऐसी महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें सरकार की स्कीम /सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया **।**

11. राज्य महिला संसाधन केंद्र (एसआरसीडब्लू)

राज्य महिला संसाधन केंद्र (एसआरसीडब्ल्यू) संबंधित राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेश प्रशासन के डब्ल्यूसीडी/समाज कल्याण विभाग के तहत कार्य करेगा। एमएसके स्कीम के तहत एसआरसीडब्ल्यू के लिए, पांच पदों अर्थात राज्य परियोजना समन्वयक -1; लिंग विशेषज्ञ -1; प्रशिक्षण और अनुसंधान अधिकारी -2 और सहायक -1 के लिए प्रावधान किया गया है। सरकार की सभी महिला संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए एसआरसीडब्ल्यू, संबंधित राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेश प्रशासन के डब्ल्यूसीडी / समाज कल्याण विभाग की सहायता करेगा ।

11.1 कार्य:

एसआरसीडब्ल्यू, अनुसंधान, लिंग संबंधी आंकड़ों का रखरखाव करके और प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के आयोजन के द्वारा महिलाओं के अंतर-क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान देने के लिए के अधिदेशित है ताकि महिलाओं, विशेषतया अधिक संवेदनशील और सीमांत समुदायों की वंचित महिलाओं के मुद्दों पर व्याख्यान देते हुए अधिक समझ पैदा की जा सके। एसआरसीडब्ल्यू की भूमिका में शामिल हैं:

- राज्य स्तर पर महिला केंद्रित योजनाओं (जैसे ओएससी, डब्ल्यूएचएल, महिला पुलिस स्वयंसेवियों आदि) के कार्यान्वयन में सहायता के लिए तकनीकी निकाय के रूप में कार्य करना और अभिसरण पहलों के माध्यम से इस तरह के कार्यक्रमों की प्रभावशीलता में सुधार के उपाय करना।
- जिला और ब्लॉक स्तरीय बीबीबीपी और एमएसके - के लिए तकनीकी और समन्वयन सहायता प्रदान करने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) के रूप में कार्य करना।

- महिलाओं को प्रभावित करने वाली मौजूदा नीतियों, कार्यक्रमों और वाले विधानों की नियमित तौर पर समीक्षा करना और मूल्यांकन करना और राज्य सरकार/यूटी प्रशासनों को समुचित सिफारिश भेजना।
- लैंगिक संवेदनशील प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण मॉड्यूल को विकसित करना और कार्यान्वित करना। इस कार्यनीति के लिए विभिन्न हितधारक (निर्वाचित प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यकर्ता, महिलाओं के सामूहिक सदस्य और व्यक्ति) के घटक, प्रशिक्षण आवश्यकताएं (संवेदीकरण, जागरूकता पैदा करना, तकनीकी कौशल, व्यवहार परिवर्तन), रूपरेखा (सीधे या एजेंसियों के माध्यम से) आदि आवश्यक हैं ।

11.2 गतिविधियां :

- राज्य के समाज कल्याण/महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुमोदन से राज्य/संघ शासित प्रदेशों के विशिष्ट मुद्दों पर आधारित कार्य योजना तैयार करना ;
- सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं और सेवाओं के अभिसरण में मौजूदा या संभावित समस्याओं की पहचान करना;
- स्कीमों के डिजाइन, प्रक्रिया और प्रदायगी/विधानों में कारकों की पहचान करने के लिए राज्यों में विभिन्न विभागों / एजेंसियों / मिशनों के साथ समन्वयन ।
- डीएलसीडब्ल्यू और एमएसके के कार्यान्वयन की (ब्लॉक स्तर पर) गतिविधियों को सुकर बनाना और मॉनीटर करना ।
- लिंग के परिप्रेक्ष्य में सरकारी स्कीमों की मॉनीटरिंग और समीक्षा के लिए मौजूदा संस्थाओं और संरचनाओं के साथ संपर्क करना ।
- पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई), सिविल सोसाइटी संगठनों (सीएसओ) और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी मॉडल का विकास करना जिससे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा मिलता है।
- राज्यों में स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु वित्तीयन, आजीविका आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लिंग परिप्रेक्ष्य में , दस्तावेजी पहल और प्रसार कार्य से सर्वोत्तम क्रियाओं (सरकारी, सिविल सोसाइटी संगठनीय, पीआरआई) की पहचान करना ।
- राज्य में विभिन्न महिला केंद्रित स्कीमों और कार्यक्रमों (डीएलसीडब्ल्यू और एमएसके सहित) के कार्यान्वयन की स्थिति पर नियमित रिपोर्ट भेजें।
- महिलाओं के सशक्तिकरण के दायरे में सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी के राष्ट्रीय भंडार में योगदान करें।

11.3. रिपोर्टिंग तंत्र :

- एसआरसीडब्ल्यू के कामकाज की समीक्षा करने के लिए अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ , अध्यक्ष, महिला एवं बाल विकास / समाज कल्याण विभागों के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में , एक राज्य स्तरीय कार्य बल स्थापित किया जा सकता है। कार्य बल, एसआरसीडब्ल्यू के कामकाज की निगरानी, समन्वय, समीक्षा और पाठ्यक्रम सुधार कार्य में शामिल होगा।

- यूसी और एसओई के साथ एसआरसीडब्ल्यू की गतिविधियों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट संबंधित राज्य सरकार/यूटी प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी जाएगी ।

11.4. निधियन:

- पूर्वोत्तर और विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों, जिनके लिए लागत साझेदारी अनुपात 90:10 होगा,के अलावाकेन्द्रीय सरकार और राज्यों के बीच लागत साझेदारी पैटर्न 60:40 है। संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% केंद्रीय वित्त पोषण प्रदान किया जाएगा।
- एसआरसीडब्ल्यू की गतिविधियों के लिए वार्षिक बजट (केंद्रीय अंश) राज्य सरकार/यूटी प्रशासन को दो किस्तों में जारी किया जाएगा। बजट का विवरण तालिका-। में देखा जा सकता है।
- उन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के लिए जिन्हें एसआरसीडब्ल्यू की स्थापना के लिए अभी व्यय (उपयोग) करना है स्थापना लागत हेतु निर्धारित एक बारगी गैर-पुनरावर्ती अनुदान (तालिका 2 के अनुसार) निर्धारित किया गया है ।
- इसके अलावा, गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए, राज्य स्तर पर बीबीबीपी स्कीम के तहत तालिका 3 के अनुसार के बजटीय प्रावधान किए गए हैं।

तालिका -1	राज्य महिला संसाधन केंद्र के लिए बजट (वार्षिक)			
	पुनरावर्ती व्यय			
क	(वेतन* व्यय**)			
	पदनाम	पदों की संख्या	मासिक वेतन (रू.)	वार्षिक बजट (रू.)
	राज्य परियोजना समन्वयक	1	52,500	6,30,000
	लिंग विशेषज्ञ	1	36,750	4,41,000
	अनुसंधान अधिकारी	1	26,250	3,15,000

	प्रशिक्षण अनुसंधान अधिकारी	1	26,250	3,15,000
	सहायक	1	15,750	1,89,000
	उप-योग	5		18,90,000
ख	कार्यालयी व्यय **			10,00,000
	उप-योग			10,00,000
ग	**कार्यक्रम संबंधी गतिविधियां**			
	परामर्श/ सेमीनार/ कार्यशालाएं/ प्रशिक्षण/प्रकाशन/नवनीत परियोजना/एमआईएस)			8,00,000
	आईईसी गतिविधियां			2,00,000
	उप-योग			10,00,000
	कुल -योग			38,90,000

* यदि राज्य इन पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरते हैं, तो प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य के नियम इस शर्त के अध्याधीन लागू होंगे कि केंद्र पर अतिरिक्त बजटीय निहितार्थ लागू नहीं होंगे।

** राज्य अधिक मानदेय प्रदान कर सकते हैं लेकिन भारत सरकार का अंश मौजूदा भागीदारी पैटर्न के अनुसार उपरोक्त राशि तक सीमित होगा।

***किराया / स्टेशनरी / संचार (यात्रा खर्च सहित) / कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार आउटसोर्स सचिवीय/सहायता स्टाफ की लागत आदि, वार्षिक रखरखाव व्यय (सुरक्षा सेवाएं, सफाई सेवाएं, बिजली और जल प्रभार आदि) की लागत को शामिल किया गया है। आवश्यकता के अनुरुप सचिवीय/सहायक कर्मचारियों की संविदात्मक आधार पर खुले बाजार/एजेंसी से भर्ती के लिए,वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

तालिका-2 एसआरडब्ल्यूसी के लिए एकमुश्त गैर आवर्ती अनुदान*

क्र. सं.	**गैर आवर्ती अनुदान (शीर्ष)**	**एकमुश्त**	**वार्षिक बजट (रुपयों में राशि)**
I	क) कार्यालयी फर्नीचर		100000
	ख) कंप्यूटर/प्रिंटर और यूपीएस	2 यूनिट	120000
	ग) फैक्स मशीन		10000
	घ) फोटोकॉपीयर		200000
	ड.) टेलीफोन		4000
	कुल		**4,34,000**

***यह एकमुश्त अनुदान उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए है जिन्होंने व्यय अभी वहन करना है जैसा कि गैर आवर्ती अनुदान के अंतर्गत वर्णित है।**

तालिका - 3: पीएमयू राज्य स्तर के लिए राज्य स्तरीय लागत (बीबीबीपी) -

क्र.सं.	**विषय**	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**बजटीय उच्चतम सीमा(राशि रुपयों में)**
सं. 1	**(I) अंतरक्षेत्रीय परामर्श बैठकें तथा राज्य कार्य बल की बैठकें:** संबंधित विभाग और सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य कार्यबल (मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाला) की त्रैमासिक बैठकें। (ii) **प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण - अनुकूलन एवं संवेदीकरण :** जैसे कि विधानसभा सदस्यों /संसद सदस्यों (एमपी/एमएलए)/न्यायपालिका/पुलिस के सदस्यों का अनुकूलन/कार्यशाला आईएमए-राज्य अध्याय-चिकित्सकीय पेशेवर/कारपोरेट सेक्टर/मीडिया/स्कूल कॉलेज टीचर/राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अल्ट्रासाउण्ड उत्पादक	राज्य	1935000

	(iii)**नवीकरण एवं जागरूकता सृजन गतिविधियां :** जैसे कि बालिका दिवस (मासिक) मनाना बालिका दिवस पर किसी बेहतर तरीके को अपनाने के लिए जिले को बधाई देने हेतु वार्षिक समारोह।		
		संघ राज्य क्षेत्र	900000
2.	निगरानी, मूल्यांकनएवं दस्तावेजीकरण	राज्य	300000
		संघ राज्य क्षेत्र	200000
3.	लचीला वित्तपोषण (10%)	राज्य	223500
		संघ राज्य क्षेत्र	110000
	कुल	राज्य	**2458500**
		संघ राज्य क्षेत्र	**1210000**

12. महिलाओं के लिए जिला-स्तरीय केंद्र (डीएलसीडब्ल्यू) -

जिला स्तर में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकारी कार्यक्रमों, स्कीमों तथा सेवाओं (जैसे कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, महिला पुलिस स्वयंसेवक, स्वाधार, उज्ज्वला आदि) से संबंधित सूचना एकत्रित करने और ग्राम/ब्लॉक और राज य स्तर के बीच लिंक के रूप में कार्य करनेके लिए महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केंद्र (डीएलसीडब्ल्यू) की परिकल्पना की गई है। ये केंद्र जिलास्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के लिए जिला स्तरीय केंद्र सरकार की महिला केंद्रित स्कीमों और कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकारों और महिला एवं बाल विकास मंत्रलय के बीच एक लिंक के रूप में भी कार्य करेगा।

12.1. महिलाओंके लिए जिला स्तरीय केंद्र - कवरेज :

डीएलसीडब्ल्यू की स्थापना वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-2020 तक के दौरान चरणबद्ध रूप से 640 जिलों में की जाएगी। प्रथम दो वर्षों में 220 नए जिलों जबकि तीसरे वर्ष में 200 नए जिलों को शामिल किया जाएगा।

12.2. डीएलसीडब्ल्यू –स्थान एवं जनशक्ति:

डीएलसीडब्ल्यू आदर्श रूप से उपायुक्त कार्यालय या जिला पंचायत में स्थित हो सकती है क्योंकि इससे महिलाओं के लिए पहुंच आसान होगी और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने में आसानी होगी। डीएलसीडब्लयू का प्रचालन 3 व्यक्तियों (ठेका स्टाफ) एक यूनिट का अध्यक्ष (उदाहरणार्थ महिला कल्याण अधिकारी) तथा दो जिला समन्वयकों द्वारा की जाएगी। डीएलसीडब्ल्यू महिलाओं के लिए बनाई गई स्कीमों और कार्यक्रमों के कार्यानवयन को सुगम बनाने में जिला कलेक्टर /उपायुक्त के मार्गदर्शन तथा सीईओजिलापरिषद, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अर्द्ध सरकारी निकाय, अन्य विभाग आदि के साथ मिलकर कार्य करेगा। यह संबंधित जिले में महिलाओं पर ध्यान देते हुए सरकार के आदेश को अनुवादित करने के लिए एसआरसीडब्ल्यू का सहायक होगा।

12.3 डीएलसीडब्ल्यू - भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व :

- सरकारी स्कीमों, कार्यक्रमों और सेवाओं से संबंधित बैंक /रीपोजिटरी संबंधित एवं अद्यतन सूचना का सृजन करेगा।(पात्रता मानदंड, दस्तावेजी आवश्कता, प्रक्रिया समय, लाभ, सेवा प्रदायगी को सुगम बनाना, ऐप्लीकेशन की ट्रैकिंग स्थिति आदि जैसी स्कीमों का ब्यौरा)

- डीएलसीडब्ल्यू, पीएमएमएस के स्कीम के कार्यान्वयन में ब्लॉक, गांव और राज्य स्तर के बीच एक लिंक के रूप में कार्य करेगा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को आधार प्रदान करेगा।
- डीएलसीडब्ल्यू ब्लॉक/ग्रामस्तर पर विद्यार्थी स्वयंसेवकों की गतिविधियों का समन्वय एवं निरीक्षण करेगा।
- विभिन्न सरकारी स्कीमों के लिए आवेदन करते समय महिलाओं द्वारा आ रही समस्याओं को चिन्हित करेगा , मामलों का दस्तावेजीकरण करेगा और इनको निपटाने के लिए उपायुक्त कार्यालय/पीआरआई सहित संबंधित फोरा को सूचना देगा।
- बैठक आयोजित करेगा जिनमें अंत विभागीय कन्वर्जेंस सहित विभिन्न स्तरों पर कन्वरजेंस प्रयासों को प्रभावित करने वाले मामलों का समाधान निकाला जा सकता हो। महिला के सशक्तिीकरण को प्रभावित करने वाले अन्य सामाजिक, आर्थिक कारकों को भी फोरम में लाया जा सकता है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कार्यक्रमों/उद्देश्यों के आधार पर सेवा प्रदायगी को अधिनिगमित करते हुए जिला स्तरीय योजना तैयार करेगा, कार्यान्वयन और स्थानीय संदर्भ के लिए समय सीमा तैयार करेगा।
- स्कीमों/कार्यक्रमों की निगरानी करने, कार्यकारियों के प्रशिक्षण आदि के लिए उत्तरदायी होगा।
- महिलाओं पर ध्यान देते हुए जिले में कार्यान्वित की जा रही स्कीमों/कार्यक्रमों के डाटाबेस का सृजन एवं अनुसरण करेगा।
- एसआरसीडब्ल्यू को मासिक आधार पर गतिविधियों की प्रगति की सूचना देगा।
- राज्य सरकार/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सौपे गए किसी अन्य कार्य को करेगा।

12.4. डीएलसीडब्ल्यू-मानव संसाधन चयन प्रक्रिया :

- उपायुक्त/डीएम की अध्यक्षता वाला जिला स्तरीय कार्य बल यूनिट के एक हेड (उदाहरणार्थ महिला कल्याण अधिकारी) और दो जिला समन्वयकों के लिए चयन समिति होगा।
- चयन समिति में महिला से संबंधित मामलों पर कार्य करने वाले सिविल सोसायटी संगठनों /गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ पोर्टल के साथ पंजीकृत, पोर्टल से लिंक http://ngodarpan.gov.in/)है।

क. महिला कल्याण अधिकारी के लिए अपेक्षित योग्यता/ दक्षताएं - डीएलसीडब्ल्यू

- कला और समाज विज्ञान के क्षेत्र में स्नातकोत्तर/महिलाओं पर केंद्रित कार्यान्वित की जा रही स्कीमों/कार्यक्रमों की समझ के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर।
- स्थानीय भाषा/लहजे में बात करने में सक्षम होना और जिला अधिकारियों के साथ प्रभावी रूप से वार्तालाप करने में सक्षम होना।
- सिविल सोसायटी संगठनों के साथ कार्य करने का पूर्व अनुभव होना।
- सूचना लेखन तथा एमआईएस के लिए कंप्यूटरों में दक्षता होना।
- अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होना।
- प्राथमिक रूप से एक ही जिले की महिला एवं निवासी होना।

ख. जिला समन्वयक के लिए अपेक्षित योग्यता/दक्षता :

- कला और समाज विज्ञान/सामाजिक कार्य या किसी अन्य क्षेत्र में स्नातक होना।
- जिले में महिलाओं से संबंधित मामलों में पूर्ण रूप से दक्ष होना।
- कंप्यूटरों में कार्य करने की क्षमता होना।
- अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष।
- प्राथमिक रूप से एक ही जिले की महिला एवं निवासी होना।

12.5. डीएलसीडब्ल्यू - सूचना एवं निगरानी तंत्र

जिले में सभी पणधारियों से प्रतिनिधित्व के साथ जिला कलेक्टर की अध्यक्षता के अंतर्गत स्थापित कार्य बल डीएलसीडब्ल्यू की कार्यप्रणाली के निरीक्षण, निगरानी, समन्वय, समीक्षा तथा मार्ग शुद्धीकरण के लिए उत्तरदायी होगा। जिला स्तरीय कार्य बल राज्य तथा राष्ट्र स्तरीय कार्य बल/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सूचना देगा।
डीएलसीडब्ल्यू के स्टाफ द्वारा हाजिरी और रिपोर्टिंग उपायुक्त/डीएम कार्यालय में या उपायुक्त/डीएम के आदेशानुसार की जाएगी। डीएलसीडब्ल्यू के स्टाफ द्वारा किए गए कार्यों की मासिक रिपोर्ट उपायुक्त/एसआरसीडब्ल्यू/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चिन्हित ढ़ांचे में डीसी/एचआरसीडब्ल्यू/महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

12.6. निधियन पैटर्न:

डीएलसीडब्ल्यू के लिए वार्षिक बजट (केंद्र का हिस्सा) राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रप्रशासन को दो किश्तों में जारी किया जाएगा। (महिला एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग) से राज्य में कार्यान्वित डीएलसीडब्ल्यू के लिए यूसी और एसओई प्रस्तुत करने की अपेखा की जाएगी। डएलसीडब्ल्यू के लिए वार्षिक बजट तालिका 4 में देखा जा सकता है।

डलएलसीडब्ल्यू का कार्यान्वयन पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी राज्यों, जहां लागत हिस्सेदारी अनुपात 90:10 है, के सिवाय केंद्र सरकार और राज्यों के बीच 60:40 के लागत हिस्सेदारी स्वरूप के साथ कार्यान्वित किया जाएगा।संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100 प्रतिशत निधियन किया जाएगा।

तालिका 4: महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केंद्र (डीएलसीडब्ल्यू) के लिए वार्षिक बजट अनुमान

महिलाओं के लिए जिला स्तरीय केंद्र के लिए लागत			**रुपये में**
शीर्ष	**पद की सं.**	**प्रति माह**	**वार्षिक बजट**
महिला कल्याण अधिकारी	1	35,000	4,20,000
जिला समन्वयक	2	20,000	4,80,000
गैर आवर्ती व्यय			
स्थापना शुल्क		1,00,000	1,00,000
आवर्ती व्यय			
कार्यालयी व्यय		50,000	50,000
स्थानीय यात्रा व्यय		10,000	1,20,000
संचार व्यय		5,000	60,000
जिला स्तरीय केंद्र के अनुसार कुल वार्षिक लागत			**Rs 12,30,000**

13. महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) - ब्लॉक स्तर

महिला शक्ति केंद्र - ब्लॉक स्तर के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु छात्र स्वयंसेवकों की भागीदारी से सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा । इससे ऐसा वातावरण बनाने में मदद मिलेगी, जिसमें महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को हासिल कर सकेंगी । इस स्कीम से विद्यार्थियों में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा करने और महिला-पुरुष समानता को प्रोत्साहन मिलेगा । ये विद्यार्थी 'परिवर्तन अभिकर्ता' के रूप में कार्य करेंगे और इनका अपने समुदायों और राष्ट्र पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा । इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए उपलब्ध स्कीमों और सुविधाओं के संबंध में सूचना और जानकारी के अभाव को कम किया जा सकेगा ।

13.1. महिला शक्ति केंद्र - ब्लॉक स्तर पर कवरेज

पीएमएमएसके ब्लॉक स्तर पर पहल के एक भाग के रूप में छात्र स्वयंसेवकों के माध्यम से 115 सर्वाधिक पिछड़े जिलों में सामुदायिक सहभागिता परिकल्पित है । विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी स्कीमों/कार्यक्रमों तथा सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुकता पैदा करने में छात्र स्वयंसेवक सहायक सिद्ध होंगे । ये छात्र ग्रामीण महिलाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी स्कीमों/कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के बारे में जागरुकता पैदा करेंगे । ब्लॉक स्तर पर केंद्रों का संचालन ब्लॉक स्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा । इस प्रकार की ब्लॉक स्तरीय समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे :

- जिले के सरकारी प्रतिनिधि (उपायुक्त द्वारा नामित);
- जिले/ब्लॉक में चलाए जा रहे कॉलेजों के चार संकाय सदस्य;
- ब्लॉक में एक सरकारी प्रतिनिधि; और
- सीएसओ/महिला स्वयं सहायता समूह से उपायुक्त द्वारा नामित (वैकल्पिक) 2 प्रतिनिधि ।

प्रथम वर्ष (2017-18) में, नीति आयोग द्वारा यथा-विनिर्दिष्ट 115 पिछड़े जिलों में से 50 पिछड़े जिलों में ब्लॉक स्तर पर 400 ब्लॉकों में समितियों का गठन किया जाएगा (प्रति जिला अधिकतम 8 ब्लॉक) । दूसरे वर्ष (2018-19) में, पिछले वर्ष के 50 जिलों के साथ-साथ शेष 65 जिलों में कार्य शुरू किया जाएगा । तीसरे वर्ष, 920 ब्लॉकों को शामिल करते हुए सभी 115 पिछड़े जिलों में (8 ब्लॉक प्रति जिला) 6 महीनों के लिए कार्य शुरू किया जाएगा । दूसरे वर्ष के अंत में, स्कीम का विस्तार करने/उसे जारी रखने के बारे में निर्णय लेने के लिए स्कीम का मूल्यांकन किया जाएगा ।

वर्ष	2017-18 (छह माह)	2018-19	2019-20	कुल 2017-20
ब्लॉक	400 (50 जिले * 8 ब्लॉक)	920 (पूर्ववर्ती वर्ष के 400 ब्लॉक+65 जिलों के नए 520 ब्लॉक)	920 (पूर्ववर्ती वर्ष के सभी)	920
जिले	50	115 (50 पूर्ववर्ती वर्ष +65 नए)	115 जिले (विगत वर्ष से)	115

यदि एक जिले में ब्लॉकों की संख्या कम है तो अन्य जिले के अधिक ब्लॉक सम्मिलित किये जा सकते हैं। प्रमुखत: चयनित जिले के सभी ब्लॉकों को सम्मिलित किया जाना है। तथापि, औसतन ब्लॉकों की संख्या प्रति जिला 08 (आठ) ब्लॉक से अधिक नहीं हो।

एक ब्लॉक से अधिक के लिए संकाय नहीं होगा। तथापि, कॉलेजों की कमी अथवा कुछ ब्लॉकों में उपयुक्त संकाय होने के मामलों में डीसी/डीएम एक ब्लॉक से अधिक के लिए उस संकाय को नामित कर सकते हैं। ऐसे मामलों में संकाय को केवल एक ब्लॉक स्तरीय समिति से ही मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

13.2 महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) – ब्लॉक स्तरीय कार्य

ब्लॉक स्तर पर सम्मिलित किये जाने वाले कुछ विशेष कार्यकलाप इस प्रकार हैं:

- ग्राम स्तर पर मौजूदा समूह को सुदृढ करने के लिए समूह से जुडने के लिए महिलाओं को एकत्र करना/जुटाना।
- ग्राम सभा और पंचायती राज संस्थाओं में प्रभावी सहभागिता के लिए सामुदायिक सदस्यों को सूचनात्मक और अन्य संसाधन की सहज उपलब्धता प्रदान करना ।
- पंचायती राज संस्थाओं और आंगनवाडी केंद्रों जैसी ग्राम स्तरीय संस्थाओं की कार्य - प्रणाली में महिलाओं की सहभागिता बढाना।
- ग्राम सभा बैठकों में भाग लेने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करना।
- सरकारी स्कीमों, कार्यक्रमों और सेवाओं (उपरोक्त उल्लिखित के अनुसार) के बारे में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं में जागरूकता का प्रसार करने के लिए अभिसरण कार्य सुगम बनाना और ग्रामीण महिलाओं को उनके विकास की विभिन्न कार्यक्रमों से जुडने के लिए प्रेरित करना तथा उपलब्धता में सुधार लाने में सहायता करना।
- सरकारी कार्यक्रमों में नामांकन करने के लिए पहचान साबित करने हेतु सम्पत्ति /सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, आधार (यूआईडी), एमएनआरईजीएस नामांकन आदि जैसे मौजूदा सरकारी प्रक्रमों के जरिये दस्तावेजों को तैयार करने में महिलाओं की सहायता करना।
- "बेटी बचाओ, बेटी पढाओ" (बीबीबीपी) स्कीम के क्रियान्वयन में डीएलसीडब्ल्यू को सहायता प्रदान करना।
- पंचायतों, वन स्टॉप सेंटर, वीएचएसएनसी/ वीएचएनडी जैसे सही मंचों के प्रयत्न और अनुवर्तन के माध्यम से शिकायत निवारण सुकर बनाना।

- अन्य सिविल सोसायटी संगठनों (सीएसओ)/गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और उसी क्षेत्र में कार्यरत उनके स्टाफ से सहयोग के लिए लीवरेज अवसरों हेतु समन्वय करना।
- विभिन्न कार्यकरों के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों / अन्य महिला समूहों के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल करने के लिए प्रेरित करना
